भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3254
उत्तर देने की तारीख 09 दिसंबर, 2019
सोमवार, 18 अग्रहायण, 1941 (शक)

कौशल विकास मिशन को धनराशि प्रदान करना

†3254. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा कौशल विकास योजना के लिए राजस्थान राज्य को कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री आर. के. सिंह)

कुशल भारत मिशन के अंतर्गत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) 12,000 करोड़ रुपए के परिव्यय से 4 वर्षों अर्थात 2016-20 के भीतर समूचे देश में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) पाठ्यक्रमों तथा पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के तहत 1 करोड़ भावी युवाओं के कौशलीकरण करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2016-20 नामक एक महत्वाकांक्षी स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई के दो घटक हैं जो राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा संचालित केंद्रीय प्रायोजित केंद्रीय प्रबंधित (सीएससीएम) घटक और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के राज्य कौशल विकास मिशनों द्वारा संचालित केंद्रीय प्रायोजित राज्य प्रबंधित घटक, जिसे आमतौर पर पीएमकेवीवाई (2016-20) के राज्य प्रबंधित घटक के नाम से जाना जाता है, कहलाते हैं।

पीएमकेवीवाई 2016-20 के सीएसएसएम घटक के अंतर्गत धनराशि के राज्य-वार आवंटन का प्रावधान नहीं है। किंतु, पीएमकेवीवाई 2016-20 के सीएसएसएम घटक के अंतर्गत 25 प्रतिशत निधियां और पीएमकेवीवाई 2016-20 के इतने ही भौतिक लक्ष्य राज्य कौशल विकास मिशनों के माध्यम से स्कीम को कार्यान्वित करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आबंटित किए गए हैं। इस घटक के अंतर्गत, राजस्थान कौशल तथा आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी), राजस्थान सरकार से प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के पश्चात, मंत्रालय ने 64,526 उम्मीदवारों का कुल लक्ष्य तथा वित्त-वर्ष 2016-20 के लिए 94.62 करोड़ रुपए के इतने ही वित्तीय आवंटन को सिद्धांततः अनुमोदित किया है, जिसमें से 14.19 करोड़ रुपए राज्य में इस घटक के कार्यान्वयन हेतु राजस्थान राज्य को संवितरित किए जा चुके हैं। किंतु, स्कीम के धीमे कार्य-निष्पादन तथा मार्च 2020 तक स्कीम की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए वित्तीय आवंटन को घटाकर 70.96 करोड़ रुपए कर दिया गया था।

****